# प्रेस नोट सर्विलांस सेल

# जनपद शाहजहांपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक : 19.05.2025**

## सर्विलांस सेल पुलिस टीम द्वारा कुल 51 मोबाइल फोन(अनुमानित कीमत-10 लाख रु0) बरामद कर उनके स्वामी के सुपुर्द किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/ नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी सर्विलांस सेल के नेतृत्व में सर्विलांस सेल पुलिस टीम को बडी कामयाबी मिली।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

गुम हुये मोबाइल फोन के संबध में शिकायतकर्ता के द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष अथवा ऑनलाइन माध्यम से शिकायत की जाती है। जिन पर सर्विलांस सेल द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। उक्त क्रम में आज दिनांक 19.05.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा पुलिस लाइन सभागार मे सर्विलांस सेल द्वारा बरामद किए गए 51 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 10 लाख रुपये) को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलने पर आवेदकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शाहजहाँपुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

### गुम हुए मोबाइल के लिए आवेदक द्वारा की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही:-

आम जन के गुम/चोरी हुए मोबाइल के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा ,संचालित CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल को लॉच किया गया था, जिसके माध्यम से आवेदक CEIR पोर्टल **https://www.ceir.gov.in/General/index.jsp** पर जाकर अपना मोबाइल को ब्लॉक कर सकता है, जिसको थाना स्तर से मोबाइल को ढूंढने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है। जब आवेदक को गुम/चोरी मोबाइल प्राप्त हो जाता है तो CEIR पोर्टल पर जाकर उसको अनब्लॉक करके ही मोबाइल को पुनः प्रयोग किया जाये।

### भविष्य के लिए अपील:

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश द्विवेदी द्वारा नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में अधिक सतर्कता बरतें। यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो वह तुरंत निकटतम थाने या साइबर पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर सके।

### बरामदगी का विवरण

1- 51 अदद मोबाइल फोन ।

### बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण

1. उ0नि0 श्री मनोज कुमार, प्रभारी सर्विलांस सेल, शाह0
2. का0 शिवम कुमार, सर्विलांस सेल, शाह0
3. का0 प्रभात, सर्विलांस सेल, शाह0
4. का0 सचिन यादव, सर्विलांस सेल, शाह0
5. का0 मुकुल खोखर, सर्विलांस सेल, शाह0